प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक : 02.12.2025 समय : 01:00 पी.एम.

00000

लोकसभा में आज मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर सहित विभिन्न मुद्दों पर विपक्ष का हंगामा बना रहां हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही को स्थगित करना पडां लोकसभा में प्रश्नकाल शुरू होते ही विपक्षी सदस्यों ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण सहित विभिन्न मुद्दों पर नारेबाजी शुरू कर दीं हंगामे के बीच सदस्यों द्वारा उठाए गए विभिन्न प्रश्नों के उत्तर दिए गएं लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन की कार्यवाही चलाने की कोशिश की, लेकिन विपक्षी सदस्य नहीं मानें इस पर कार्रवाई को 12 बजे तक स्थगित करना पडां

0000

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर के मुद्दे पर संसद की कार्यवाही बाधित करने के लिए विपक्षी दलों के नेताओं की आलोचना कीं संसद के बाहर मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि विपक्ष को नए मुद्दे ढूँढ़ने और संसद को बाधित करने की आवश्यकता नहीं हैं उन्होंने कहा कि कामकाज की एक सूची तैयार की गई है और कई ऐसे मुद्दे हैं जिन पर सरकार विपक्ष द्वारा उठाए गए मुद्दों पर चर्चा कराएगीं

0000

सरकार ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ बनाने के लिए पिछले चार सालों के दौरान सहकारी क्षेत्र में कई क्रांतिकारी कदम उठाये हैं लोकसभा में आज प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए सहकारिता राज्यमंत्री मुरलीधर मोहोल ने कहा कि देशभर में आठ लाख सहकारी संस्थाएं हैं और करीब तीस करोड लोग इसके सदस्य हैं श्री मोहोल ने कहा कि सहकारिता को मजबूत बनाने के लिए मोदी सरकार ने सहकारिता मंत्रालय की स्थापना की हैं

0000

चिकित्सा विभाग की ओर से गर्भवती और धात्री महिलाओं के एनिमिया प्रबंधन के लिए पिंक पखवाडा आयोजित किया जा रहा हैं भरतपुर में पखवाडे के तहत कम हीमोग्लोबिन वाली महिलाओं की पहचान कर उनके फेरिक कार्बोक्सी माल्टोज का इंजेक्शन लगाने का काम किया जा रहा हैं जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. गौरव कपूर ने बताया कि इस इंजेक्शन का उपयोग प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र और सीएचसी केन्द्रों पर चिकित्सकों की देखरेख में किये जाने के निर्देश दिए गए हैं

0000

कृषि मंत्री डॉ. किरोडी लाल मीणा ने आज सवाईमाधोपुर में विभिन्न विकास कार्यो और स्वच्छता कार्यक्रमों का अवलोकन कियां श्री मीणा ने शहर में सार्वजनिक स्थानों का दौरा कर आमजन से संवाद कियां उन्होंने अधिकारियों को जनता की समस्याओं को प्रमुखता से लेने और समयबद्ध रूप से इनके निस्तारण के निर्देश दिएं

0000

पाली में परिवहन विभाग, ट्रैफिक पुलिस और शिक्षा विभाग की ओर से सुरक्षित वाहन संचालन को लेकर अभियान चलाया गयां इस दौरान संयुक्त दल ने स्कूल बसों का आकस्मिक निरीक्षण कर सुरक्षा, बीमा, वाहन फिटनेस और लाईसेंस की जांच कीं इस दौरान मानकों के अनुरूप नहीं पाये जाने पर टीम द्वारा चालान काटे गयें

0000

मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के तहत हनुमानगढ में पशुपालको में बीमा कराने को लेकर उत्साह देखा जा रहा हैं योजना के तहत पशुओं की टेगिंग कर दुधारू पशुओं का निशुल्क बीमा किया जा रहा हैं पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक, डॉ. आनंद स्वरूप ने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए जनआधारकार्ड पशुपालक और लखपति दीदी पशुपालको को प्राथमिकता दी जा रही हैं आज जिले के भादरा पंचायत समिति की ग्राम पंचायतों में शिविर लगाये गयें

0.000

राज्य में आरएएस भर्ती परीक्षा की साक्षात्कार प्रक्रिया में फर्जी दिव्यांग प्रमाण–पत्रों को रोकने के लिए आरपीएससी विशेष सतर्कता बरत रहा हैं आयोग सचिव ने बताया कि आरएएस भर्ती –2024 के साक्षात्कार में शामिल होने वाले दिव्यांग अभ्यर्थियों के दिव्यांगता प्रतिशत और दिव्यांगता के प्रकार की पुष्टि के लिए मेडिकल बोर्ड की नई मानक संचालन प्रक्रिया के तहत जांच करवायी जा रही हैं

इस दौरान दृष्टि बाधित और श्रवण बाधित दिव्यांगजनों के मामलों को विशेष तौर पर जांचा जा रहा हैं

0000

प्रदेश में आज कई जगहों पर सुबह के वक्त कोहरा छाये रहने से वाहन चालको को परेशानी का सामना करना पडां मौसम विभाग ने अगले तीन दिन शेखावाटी क्षेत्र के जिलों में ठण्डी हवायें चलने और कोहरा छाये रहने की संभावना व्यक्त की हैं विभाग ने अलवर और एनसीआर के इलाकों में भी कोहरे का असर बने रहने का अलर्ट दिया हैं इस बीच सरहदी जिलों में रात के समय सर्दी का असर बढने से लोगों को ठिठुरन से गुजरना पड रहा हैं सर्दी बढ़ने के साथ ही ग्रामीण इलाकों में फसलों पर ओस भी जमनी शुरू हो गई हैं

0000